आईसीएमआर-राष्ट्रीय जनजाति स्वास्थ्य अनुसंधान संस्थान
स्वास्थ्य अनुसंधान विभाग, स्वास्थ्य और परिवार
कल्याण मंत्रालय, भारत सरकार
नागपुर रोड, पोस्ट ऑफिस गढ़ा, जबलपुर-482003 (मध्य प्रदेश)
ICMR - National Institute of Research in Tribal Health
Department of Health Research, Ministry of Health
and Family Welfare, Government of India
Nagpur Road, Garha P.O., Jabalpur (M.P.) – 482003
वेबसाइट/Website : https://www.nirth.res.in
ई-मेल/Email : director@nirth.res.in

# रिक्ति अधिसूचना

**विज्ञापन संख्या - एनआईआरटीएच/तकनीकी/01/2023 दिनांक 10.07.2023**

निम्नलिखित नियमित पदों हेतु आवेदन-पत्र आमंत्रित किए जाते हैं :-

| क्र.सं. | पद का नाम | पदों की कुल संख्या | जिसके लिए पद चिह्नित किए गए हैं | | | | | | | वेतन लेवल (7वें केंद्रीय वेतन आयोग के अनुसार |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | लम्बवत् | | | | | क्षैतिज | | |
| | | | अना-रक्षित | अनुसू. जाति | अनुसू. जनजाति | अन्य पिछड़ा वर्ग | आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग (EWS) | अशक्त व्यक्ति (PwBD) | भूतपूर्व सैनिक ((ExSM) | |
| 1 | तकनीकी सहायक | 23 | 10 | 04 | 02 | 05 | 02 | 02 | - | वेतन लेवल-6 (₹ 35,400-1,12,400) |
| 2 | तकनीशियन-I | 17 | 10 | 02 | - | 02 | 03 | - | 03 | वेतन लेवल-2 (₹ 19,900-63,200) |
| 3 | प्रयोगशाला परिचारक- I | 12 | 05 | 02 | 01 | 02 | 02 | 01 | 03 | वेतन लेवल-1 (₹ 18,000-56,900) |
| | **योग** | **52** | **25** | **08** | **03** | **09** | **07** | | | |

शैक्षणिक योग्यताओं, अनुभव, आयु, नियमों एवं शर्तों सहित विज्ञापन के पूर्ण विवरण के लिए कृपया हमारी वेबसाइट www.nirth.res.in और/अथवा www.icmr.nic.in पर विजिट करें।

ऑनलाइन प्रारंभ होने की तारीख और अंतिम तारीख क्रमश: 10.07.2023 और 10.08.2023 हैं। शुद्धि-पत्र, यदि कोई है, तो केवल इस संस्थान की वेबसाइट पर प्रकाशित किया जाएगा।

निदेशक

आईसीएमआर-राष्ट्रीय जनजाति स्वास्थ्य अनुसंधान संस्थान
स्वास्थ्य अनुसंधान विभाग, स्वास्थ्य और परिवार
कल्याण मंत्रालय, भारत सरकार
नागपुर रोड, गढ़ा पोस्ट ऑफिस, जबलपुर-482003 (मध्य प्रदेश)
ICMR - National Institute of Research in Tribal Health
Department of Health Research, Ministry of Health
and Family Welfare, Government of India
Nagpur Road, Garha P.O., Jabalpur (M.P.) – 482003
वेबसाइट/Website : https://www.nirth.res.in
ई-मेल/Email : director@nirth.res.in

## रिक्ति अधिसूचना

## विज्ञापन संख्या- एनआईआरटीएच/तकनीकी/01 /2023 दिनांकित 10-07-2023

आईसीएमआर-राष्ट्रीय जनजाति स्वास्थ्य अनुसंधान संस्थान, नागपुर रोड, पो.ऑ. गढ़ा, जबलपुर (म.प्र.)-482003 में निम्नलिखित रिक्त तकनीकी/इंजीनियरिंग सपोर्ट संवर्ग के पदों के लिए अर्हता प्राप्त उम्मीदवारों से ऑनलाइन पोर्टल www.nirth.res.in के माध्यम से दिनांक 10 अगस्त, **2023** तक आवेदन-पत्र आमंत्रित किए जाते हैं :-

**1. तकनीकी सहायक - 23 पद :**

| क्र. सं. | पद का नाम | वर्गीकरण एवं पद का विषय | विभिन्न श्रेणियों में पदों की संख्या | 7वें कें.वे.आयोग के अनुसार वेतन मेट्रिक्स एवं वेतन स्तर | अनिवार्य योग्यता | आयु-सीमा |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | तकनीकी सहायक | समूह-बी (तकनीकी) (जैविक विज्ञान) | 12 पद (अनारक्षित-05, अनु.जा.03, अनु.जजा.01, अ.पि.व.-02, ईडब्ल्यूएस-01)<br>अशक्त/विकलांग व्यक्ति- अंधापन या कम दृष्टि- 01 पद (क्षैतिज आरक्षण) | वेतन मेट्रिक्स ₹ 35,400-1,12,400 में वेतन स्तर-6 के साथ भा.आ.अ.प. के नियमों के अंतर्गत यथा देय भत्ते | किसी मान्यताप्राप्त विश्वविद्यालय से जैव-विज्ञानों में निम्नलिखित से किसी एक विषय में प्रथम श्रेणी में तीन-वर्षीय स्नातक डिग्री- जीवन विज्ञान/ प्राणीविज्ञान /जैव-सूचनाविज्ञान/ जीव-रसायनविज्ञान/ सूक्ष्म-जीवविज्ञान/जैव-प्रौद्योगिकी/आनुवंशिकी<br>अथवा<br>किसी मान्यताप्राप्त विश्वविद्यालय/संस्थान से प्रौद्योगिकी में जैव-प्रौद्योगिकी/जैव-सूचनाविज्ञान/ आनुवंशिक इंजीनियरिंग में प्रथम श्रेणी में स्नातक डिग्री | 30 वर्ष से अधिक नहीं |

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 2 | तकनीकी सहायक | समूह-बी (तकनीकी ) (सामाजिक- विज्ञान) | 7 पद (अनारक्षित-02, अनु.जा.01, अनु.जजा. 01, अ.पि.व.-02, ईडब्ल्यूएस-01) अशक्त/विकलांग व्यक्ति- बहरा और सुनने में कठिनाई- 01 पद (क्षैतिज आरक्षण) | वेतन मेट्रिक्स ₹ 35,400-1,12,400 में वेतन स्तर-6 के साथ भा.आ.अ.प. के नियमों के अंतर्गत यथा देय भत्ते | किसी मान्यताप्राप्त विश्वविद्यालय से सामाजिक-विज्ञान विषयों, यानी मानवविज्ञान/ अर्थशास्त्र/ जनसंख्या अध्ययन/जैव-सांख्यिकी/ समाजविज्ञान/ सामाजिक कार्य/मनोविज्ञान/महिला अध्ययन में प्रथम श्रेणी में तीन-वर्षीय स्नातक डिग्री | 30 वर्ष से अधिक नहीं |
| 3 | तकनीकी सहायक | समूह-बी (तकनीकी ) (कम्प्यूटर विज्ञान/ सूचना-प्रौद्योगिकी) | 1 पद (अनारक्षित) | वेतन मेट्रिक्स ₹ 35,400-1,12,400 में वेतन स्तर-6 के साथ भा.आ.अ.प. के नियमों के अंतर्गत यथा देय भत्ते | किसी मान्यताप्राप्त विश्वविद्यालय कम्प्यूटर-विज्ञान/ सूचना-प्रौद्योगिकी में  से प्रथम श्रेणी में तीन-वर्षीय स्नातक डिग्री<br>अथवा,<br>किसी मान्यताप्राप्त संस्थान से कम्प्यूटर-विज्ञान/सूचना-प्रौद्योगिकी में प्रथम श्रेणी में तीन-वर्षीय डिप्लोमा और साथ में संबंधित फील्ड का दो वर्षों का अनुभव<br>अथवा,<br>किसी मान्यताप्राप्त विश्वविद्यालय/संस्थान से कम्प्यूटर-विज्ञान/सूचना-प्रौद्योगिकी में प्रथम श्रेणी में इंजीनियरिंग/प्रौद्योगिकी डिग्री | 30 वर्ष से अधिक नहीं |

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 4 | तकनीकी सहायक | समूह-बी (तकनीकी) (इलेक्ट्रॉनिक्स एवं कम्यूनीकेशन इंजीनियरिंग) | 1 पद (अनारक्षित) | वेतन मेट्रिक्स ₹ 35,400-1,12,400 में वेतन स्तर-6 के साथ भा.आ.अ.प. के नियमों के अंतर्गत यथा देय भत्ते | किसी मान्यताप्राप्त विश्वविद्यालय से इलेक्ट्रॉनिक्स एवं कम्यूनीकेशन इंजीनियरिंग/टेलीकम्यूनीकेशन में प्रथम श्रेणी में तीन-वर्षीय स्नातक डिग्री<br>अथवा,<br>किसी मान्यताप्राप्त संस्थान से इलेक्ट्रॉनिक्स एवं कम्यूनीकेशन इंजीनियरिंग/ टेलीकम्यूनीकेशन में प्रथम श्रेणी में तीन-वर्षीय डिप्लोमा और साथ में उपर्युक्त विषयों में दो वर्षों का अनुभव<br>अथवा,<br>किसी मान्यताप्राप्त विश्वविद्यालय/संस्थान से इलेक्ट्रॉनिक्स एवं कम्यूनीकेशन इंजीनियरिंग/टेलीकम्यूनीकेशन में प्रथम श्रेणी में इंजीनियरिंग/प्रौद्योगिकी डिग्री | 30 वर्ष से अधिक नहीं |
| 5 | तकनीकी सहायक | समूह-बी (तकनीकी) (इलेक्ट्रीकल-इंजीनियरिंग) | 1 पद (अनारक्षित) | वेतन मेट्रिक्स ₹ 35,400-1,12,400 में वेतन स्तर-6 के साथ भा.आ.अ.प. के नियमों के अंतर्गत यथा देय भत्ते | किसी मान्यताप्राप्त विश्वविद्यालय से इलेक्ट्रीकल इंजीनियरिंग में प्रथम श्रेणी में तीन-वर्षीय स्नातक डिग्री<br>अथवा<br>किसी मान्यताप्राप्त संस्थान से इलेक्ट्रीकल इंजीनियरिंग में प्रथम श्रेणी में तीन वर्षीय डिप्लोमा और साथ में संबंधित फील्ड का दो वर्षों का अनुभव<br>अथवा,<br>किसी मान्यताप्राप्त विश्वविद्यालय/संस्थान से इलेक्ट्रीकल-इंजीनियरिंग में प्रथम श्रेणी में इंजीनियरिंग/प्रौद्योगिकी डिग्री | 30 वर्ष से अधिक नहीं |

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 6 | तकनीकी सहायक | समूह-बी (तकनीकी) (सिविल-इंजीनियरिंग) | 1 पद (अन्य पिछड़ा वर्ग) | वेतन मेट्रिक्स ₹ 35,400-1,12,400 में वेतन स्तर-6 के साथ भा.आ.अ.प. के नियमों के अंतर्गत यथा देय भत्ते | किसी मान्यताप्राप्त विश्वविद्यालय से सिविल इंजीनियरिंग में प्रथम श्रेणी में तीन-वर्षीय स्नातक डिग्री<br>अथवा<br>किसी मान्यताप्राप्त संस्थान से सिविल इंजीनियरिंग में प्रथम श्रेणी में तीन वर्षीय डिप्लोमा और साथ में संबंधित फील्ड का दो वर्षों का अनुभव<br>अथवा,<br>किसी मान्यताप्राप्त विश्वविद्यालय/संस्थान से सिविल-इंजीनियरिंग में प्रथम श्रेणी में इंजीनियरिंग/प्रौद्योगिकी डिग्री | 30 वर्ष से अधिक नहीं |

## 2. तकनीशियन-1 : 17 पद

| क्र. सं. | पद का नाम | वर्गीकरण एवं पद का विषय | पदों की संख्या | 7वें कें.वे.आयोग के अनुसार वेतन मेट्रिक्स एवं वेतन स्तर | अनिवार्य योग्यता | आयु-सीमा |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | तकनीशियन-1 | समूह-सी (तकनीकी) (जैविक विज्ञान) | 15 पद (अनारक्षित-09, अनु.जा.02, , अ.पि.व.-02, ईडब्ल्यूएस-02)<br>भूतपूर्व सैनिक-03 पद (क्षैतिज आरक्षण) | वेतन मेट्रिक्स ₹ 19,900-63,200 में वेतन स्तर-2 के साथ भा.आ.अ.प. के नियमों के अंतर्गत यथा देय भत्ते | किसी सरकारी मान्यताप्राप्त संस्थान से विज्ञान विषय में 55% अंकों के साथ 12वीं अथवा इंटरमीडिएट परीक्षा उत्तीर्ण और मेडीकल लेबोरेटरी टेक्नोलॉजी में कम से कम एकवर्षीय डिप्लोमा (डीएमएलटी) | 28 वर्ष से अधिक नहीं |

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 2 | तकनीशियन-1 | समूह-सी (तकनीकी) (कम्प्यूटर विज्ञान) | 02 पद (अनारक्षित-01, ईडब्ल्यूएस-01) | वेतन मेट्रिक्स ₹ 19,900-63,200 में वेतन स्तर-2 के साथ भा.आ.अ.प. के नियमों के अंतर्गत यथा देय भत्ते | किसी सरकारी मान्यताप्राप्त संस्थान से विज्ञान विषय में 55% अंकों के साथ 12वीं अथवा इंटरमीडिएट परीक्षा उत्तीर्ण और कम्प्यूटर एप्लीकेशन्स में कम से कम एकवर्षीय डिप्लोमा | 28 वर्ष से अधिक नहीं |

**3. प्रयोगशाला परिचारक-1 : 12 पद**

| क्र. सं. | पद का नाम | वर्गीकरण एवं पद का विषय | पदों की संख्या | 7वें कें.वे.आयोग के अनुसार वेतन मेट्रिक्स एवं वेतन स्तर | अनिवार्य योग्यता | आयु-सीमा |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | प्रयोगशाला परिचारक-1 | समूह-सी (तकनीकी) | 10 पद (अनारक्षित-04, अनु.जा.02, अनु.जजा.01, अ.पि.व.-01, ईडब्ल्यूएस-02) अशक्त/विकलांग -01 पद (डी) एवं (ई) (क्षैतिज आरक्षण) भूतपूर्व सैनिक-03 पद (क्षैतिज आरक्षण) | वेतन मेट्रिक्स ₹ 18,000-56,900 में वेतन स्तर-1 के साथ भा.आ.अ.प. के नियमों के अंतर्गत यथा देय भत्ते | मान्यताप्राप्त बोर्ड से समग्र रूप में 50% अंकों के साथ 10वीं परीक्षा उत्तीर्ण तथा साथ में किसी सरकारी मान्यताप्राप्त/अनुमोदित/पंजीकृत प्रयोगशाला में एक वर्ष का कार्य का अनुभव | 18 और 25 वर्ष के बीच |
| 2. | प्रयोगशाला परिचारक-1 | समूह-सी (तकनीकी) (रेफ्रीजरेशन एवं एयरकंडीशनिंग) | 02 पद (अनारक्षित.-01, अ.पि.व.-01) | वेतन मेट्रिक्स ₹ 18,000-56,900 में वेतन स्तर-1 के साथ भा.आ.अ.प. के नियमों के अंतर्गत यथा देय भत्ते | मान्यताप्राप्त बोर्ड से समग्र रूप में 50% अंकों के साथ 10वीं परीक्षा उत्तीर्ण तथा साथ में सरकारी एजेन्सियों द्वारा रेफ्रीजरेशन एवं एयर-कंडीशनिंग में दिया गया आई.टी.आई. ट्रेड प्रमाण-पत्र | 18 और 25 वर्ष के बीच |

## I. **रिक्तियों संबंधी विज्ञापन में यथा उल्लिखित सभी पदों के लिए नियम और शर्तें :-**

| मदें/कार्यकलाप | नियत तारीख/अभ्युक्ति |
|---|---|
| आई.सी.एम.आर.-एन.आई.आर.टी.एच. की वेबसाइट www.nirth.res.in (भर्ती संबंधी लिंक होम-पेज पर) पर ऑनलाइन आवेदन भरने के लिए ऑनलाइन पंजीकरण प्रारंभ होने की तारीख | 10.07.2023 |
| ऑनलाइन पंजीकरण करने एवं ऑनलाइन आवेदन प्रस्तुत करने की अंतिम तारीख | 10.08.2023 |

**आवेदन कैसे करें :-** संबंधित दस्तावेजों एवं आवेदन-शुल्क (जहां लागू है) के साथ आवेदन-पत्र निम्नलिखित यूआरएल https//www.nirth.res.in पर ऑनलाइन प्रस्तुत किए जा सकते है। पृष्ठ संख्या- 13 से 14 पर भी ''II ऑनलाइन आवेदन प्रस्तुत करने हेतु नियम और शर्तें'' में विस्तृत दिशानिर्देश प्राप्त किए जा सकते हैं।

कृपया **'ऑनलाइन आवेदन-पत्र प्रस्तुत करने हेतु नियम एवं शर्तें'** देखें।

आवेदन-शुल्क :- ₹ 300/- (समूह 'बी' एवं समूह 'सी' पदों हेतु)

(i) अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति, बेन्चमार्क डिसएबिलिटी वाले व्यक्ति (PwBD), महिला उम्मीदवारों तथा भूतपूर्व सैनिकों को आवेदन-शुल्क के भुगतान से छूट दी जाती है। अन्य सभी उम्मीदवारों, जिनमें भा.आ.अ.प. एवं उसके संस्थानों के कर्मचारी भी शामिल हैं, को आवेदन-शुल्क का भुगतान करना है। एक बार जमा किया गया शुल्क किसी भी परिस्थिति में वापस नहीं किया जाएगा और न ही किसी अन्य परीक्षा या चयन के लिए शुल्क आरक्षित रखा जा सकता है।

(ii) उम्मीदवार, यदि अन्यथा अर्हता संबंधी मानदंडों को पूरा करते हैं तो एक से अधिक पदों के लिए आवेदन कर सकते हैं। तथापि, उन्हें विहित किया गया शुल्क अलग-अलग भुगतान करना होगा।

1. इस विज्ञापन के प्रत्युत्तर में आवेदन करने वाले आवेदकों को, उनके अपने हित में, सलाह दी जाती है कि वे आवेदित पद के लिए अपनी पात्रता के संबंध में स्वयं को संतुष्ट कर लें। उन्हें यह सुनिश्चित करना होगा कि वे पात्रता संबंधी सभी मानदंडों को प्ररो करते हैं, जैसे, आवेदन प्राप्त करने की अंतिम-तिथि यानी 10.08.2023 तक आयु-सीमा, अनिवार्य योग्यताएं, अनुभव, आरक्षण आदि। यदि भर्ती के किसी भी चरण में या नियुक्ति के बाद भी, यह पता चलता है कि कोई उम्मीदवार उपर्युक्त पात्रता मानदंड के संबंध में आवश्यक योग्यताएं पूरी नहीं करता है या उसने आवेदन-प्रपत्र में कोई गलत या मिथ्या या भ्रमक जानकारी दी है या उसने कोई महत्वपूर्ण तथ्य छिपाया है या अन्यथा पात्र नहीं है, तो उसकी उम्मीदवारी लिखित परीक्षा में प्राप्त अंकों की परवाह किए बगैर, बिना कोई कारण बताए या नोटिस दिए स्वचालित रूप से रद्द कर दी जाएगी और इस संबंध में कोई पूछतांछ/अनुरोध/पत्राचार पर विचार नहीं किया जाएगा।

2. भारतीय आयुर्विज्ञान अनुसंधान परिषद, नई दिल्ली, द्वारा जारी किए गए 'आई.सी.एम.आर. तकनीकी संवर्ग भर्ती एवं एसेस्मेंट नियम, 2017, देखिए ज्ञापन संख्या-16/8/2017-एडमिन-।। दिनांकित 10 नवंबर, 2017, नियुक्ति प्राप्त करने वालों पर लागू होंगे।

3. लिखित परीक्षा की तारीख, समय और स्थान के संबंध में अल्पसूचीबद्ध किए गए (शॉर्टलिस्टेड) उम्मीदवारों को कॉल-लेटर/एडमिट कार्ड के माध्यम से सूचित किया जाएगा और इस संबंध में किसी भी पूछतांछ/

अनुरोध पर विचार नहीं किया जाएगा। उम्मीदवारों को भर्ती प्रक्रिया की अद्यतन स्थिति के लिए समय-समय पर आई.सी.एम.आर. और एन.आई.आर.टी.एच. की वेबसाइटों को देखने की सलाह दी जाती है।

4. आगे किसी प्रकार के संशोधन/अद्यतनीकरण संबंधी जानकारी केवल संस्थान की वेबसाइट पर ही प्रकाशित की जाएगी।

5. सभी पदों के लिए अखिल भारतीय स्थानांतरण दायित्व है।

6. चयन/भर्ती के संबंध में उम्मीदवारों द्वारा या उनकी ओर से कोई भी प्रचार या राजनीतिक या अन्य बाह्य प्रभाव के प्रयोग को अयोग्यता माना जाएगा।

7. केंद्र/राज्य सरकार के विभागों/सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों/विभागों आदि में कार्यरत उम्मीदवार निर्धारित प्रारूप में **"अनापत्ति प्रमाण-पत्र"** (**अनुलग्नक-V**) अपलोड करें, ऐसा न करने पर सरसरी तौर पर आवेदन रद्द कर दिया जाएगा। जो उम्मीदवार आई.सी.एम.आर. वित्तपोषित परियोजनाओं में कार्य कर रहे हैं, वे **अनुलग्नक-XII** में दिए प्रपत्र में अनापत्ति प्रमाण-पत्र प्रस्तुत करें।

8. अनुभव प्रमाण-पत्र (**अनुलग्नक-III**) (कार्य-अनुभव), जैसा लागू हो, सरकार द्वारा मान्यताप्राप्त/अनुमोदित/पंजीकृत प्रयोगशाला/संस्था आदि के सक्षम प्राधिकारी द्वारा जारी किया हुआ होना चाहिए और नाम, पदनाम, वेतन/वेतनमान, कार्य अनुभव की अवधि (से----तक), उम्मीदवार द्वारा किए गए कार्यों का स्वरूप आदि स्पष्ट होना चाहिए। केवल उसी अनुभव/अनुभवों पर विचार किया जाएगा, जो अनिवार्य योग्यताएं अर्जित कर लेने के बाद प्राप्त किया गया हो।

9. शैक्षिक योग्यता किसी मान्यताप्राप्त बोर्ड/संगठन/संस्थान से होनी चाहिए।

10. अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति/अन्य पिछड़ा वर्ग (नॉन-क्रीमी लेयर)/ईडब्ल्यूएस/पीडब्ल्यूडी संबंधी आरक्षण भारत सरकार, डीओपीटी के मानदंडों के अनुसार दिया जाएगा।

डीओपीटी ज्ञापन सं. 36035/02/2017-ऐस्टे.(रिज.) दिनांकित 15 जनवरी, 2018 के अनुसार पीडब्ल्यूडी श्रेणी के क्षैतिज आरक्षण का विवरण निम्नानुसार है :

| क्रम सं. | पद का नाम | पीडब्ल्यूडी के लिए आरक्षित पद (पदों) की संख्या | आरक्षण की श्रेणी |
|---|---|---|---|
| 1 | तकनीकी सहायक समूह-बी (तकनीकी) (जैविक विज्ञान) | 1 | पीडब्ल्यूडी-(ए) अंधापन या कम दृष्टि |
| 2 | तकनीकी सहायक समूह-बी (तकनीकी) (सामाजिक विज्ञान) | 1 | पीडब्ल्यूडी-(बी) बहरा या सुनने में कठिनाई |
| 3 | प्रयोगशाला परिचारक-1 समूह-सी (तकनीकी) | 1 | पीडब्ल्यूडी-(डी एवं ई) |

आरक्षण की श्रेणी का विवरण निम्नानुसार है :

(ए) अंधापन या कम दृष्टि;

(बी) बहरा या सुनने में कठिनाई

(सी) लोकोमोटर संबंधी अशक्तता, जिसमें सेरेब्रल पाल्सी शामिल है, आरोग्यप्राप्त कुष्ठ, बौनापन, एसिड आक्रमण पीड़ित व्यक्ति एवं मस्कुलर डिस्ट्रोफी;

(डी) ऑटिज्म, इंटेलेक्चुअल अशक्तता, विशिष्ट सीखने की अशक्तता एवं मानसिक बीमारी;

(ई) खंड (ए) से (डी) के अंतर्गत आने वाले व्यक्तियों में बहुपक्षी अशक्तताएं, जिसमें बहरापन-अंधापन भी शामिल हैं।

11. आरक्षण के लिए दावा करने वाले भूतपूर्व सैनिकों को अनुलग्नक-IV के अनुसार वचनबद्धता प्रमाण-पत्र देना आवश्यक है, जिसमें यह घोषणा की गई हो कि केंद्र/राज्य सरकार में सिविल पदों में भूतपूर्व सैनिकों के कोटा के फायदे का लाभ लेने के बाद नियमित नियोजन प्राप्त नहीं किया है। जिन भूतपूर्व सैनिकों ने भूतपूर्व सैनिकों के कोटे का लाभ उठाते हुए केंद्र/राज्य सरकार में सिविल पदों में पहले ही नियमित नियोजन प्राप्त कर लिया है, उन्हें केवल उतनी ही आयु-सीमा में छूट का लाभ लेने की अनुमति होगी, जितना केंद्र/राज्य सरकार के अंतर्गत किसी समूह/पद को विचार में लिए बिना किसी उच्चतर पद या सेवा में एक और नियोजन प्राप्त करने के लिए भूतपूर्व सैनिकों को अनुमेय हो। आयु में छूट का दावा वाले भूतपूर्व सैनिक अनुलग्नक-V प्रस्तुत करें।

12. भारत सरकार में सिविल पदों और सेवाओं में आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग (ईडब्ल्यूएस) के लिए आरक्षण के संबंध में सभी नियम और शर्तें डी.ओ.पी.टी. कार्यालय ज्ञापन संख्या-36039/1/2019-ऐस्टेब्लिशमेंट (रिज.) दिनांकित 19.01.2019 एवं समय-समय पर यथासंशोधित समसंख्यक कार्यालय ज्ञापन दिनांकित 31.01.2019 के संदर्भ में विनियमित की जाएंगी। उपर्युक्त कार्यालय ज्ञापन के संदर्भ में ईडब्ल्यूएस श्रेणी से संबंधित उम्मीदवारों को पद के लिए आवेदन करते समय निर्धारित संलग्न प्रारूप (अनुलग्नक-VI) में सक्षम प्राधिकारी द्वारा जारी आय और संपत्ति प्रमाण-पत्र संलग्न करना आवश्यक है। आवेदन प्राप्त होने की अंतिम तिथि यानी 10.08.2023 को उम्मीदवार द्वारा आय और संपत्ति प्रमाण-पत्र जमा करने के लिए महत्वपूर्ण तिथि माना जाएगा। ऐसे प्रमाण-पत्र जमा न करने को अयोग्यता माना जाएगा। **आय और संपत्ति प्रमाण-पत्र वित्तीय-वर्ष 2023-24 के लिए वैध होना चाहिए।**

13. अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति के उम्मीदवारों को निर्धारित प्रारूप **(अनुलग्न- VII)** में जाति प्रमाण-पत्र प्रस्तुत करें।

14. अशक्त व्यक्ति (पीडब्ल्यूडी) श्रेणी से संबंधित उम्मीदवार अशक्तता प्रमाण-पत्र निर्धारित प्रारूप में जैसा उन्हें लागू है (अनुलग्नक- VIII) प्रस्तुत करें।

15. सभी पदों के लिए आयु-सीमा निर्धारित करने की महत्वपूर्ण तारीख आवेदन प्राप्त करने की अंतिम तारीख, यानी 10.08.2023 होगी।

16. अन्य पिछड़ा वर्ग के उम्मीदवार अनिवार्य रूप से निर्धारित प्रारूप (अनुलग्नक-IX) में वैध एवं अद्यतन प्रमाण-पत्र प्रस्तुत करें, जिसमें ''क्रीमी लेयर से बहिष्करण'' का खंड स्पष्ट रूप से सम्मिलित हो। उन्हें अनुलग्नक-X में दिए प्रपत्र में वचनबद्धता प्रस्तुत करना भी आवश्यक है। इन प्रमाण-पत्रों को प्रस्तुत न करना अयोग्यता मानी जाएगी। अन्य पिछड़ा वर्ग का प्रमाण-पत्र आवेदन-पत्र प्राप्त करने की अंतिम तारीख, यानी **10.08.2023** से तीन वर्ष से अधिक पुराना नहीं होना चाहिए।

17. आयु में शिथिलता :

क. समय-समय पर संशोधित भारत सरकार के आदेश संख्या 36011/1/98-ऐस्टेब्लिशमेंट (रिज.) दिनांकित 01.07.1998 के अनुसार, अनारक्षित पदों के लिए आवेदन करने वाले अनुसूचित जाति/ अनुसूचित जनजाति/अन्य पिछड़ा वर्ग (नॉन-क्रीमी लेयर) उम्मादवारों को आयु में कोई शिथिलता नहीं दी जाएगी।

ख. आयु में शिथिलता के प्रयोजन हेतु अन्य पिछड़ा वर्ग प्रमाण-पत्र का अर्थ होगा ' अन्य पिछड़ा वर्ग श्रेणी के व्यक्ति जो क्रीमी लेयर से संबंध नहीं रखते हैं' जैसा डी.ओ.पी.टी. के का.ज्ञा.सं. 36012/22/93-ऐस्टे.(एससीटी) दिनांकित 08.09.1993, यथासंशोधित देखें का.ज्ञा. सं. 36033/3/2004-ऐस्टे.(रिज.) दिनांक 09.03.2004 एवं 14.10.2008 और बाद में यथासंशोधित देखें का.ज्ञा. सं. 36035/1/2013-ऐस्टे.(रिज.) दिनांक 27.05.2013. आवेदन-पत्र प्राप्त करने की अंतिम तारीख उम्मीदवार के अन्य पिछड़ा वर्ग की प्रस्थिति की गणना करने और यह मानने कि उम्मीदवार गणना की तारीख को क्रीमी लेयर में नहीं आता है, की तारीख मानी जाएगी। **आयु में शिथिलता प्राप्तकरने के लिए, उन्हें विहित प्रारूप (अनुलग्नक-VII) में घोषणा प्रस्तुत करनी होगी।**

ग. अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति/अन्य पिछड़ा वर्ग (नॉन-क्रीमी लेयर)/पीडब्ल्यूडी/भूतपूर्व सैनिकों को आयु में शिथिलता प्रदान करने पर समय-समय पर यथासंशोधित डी.ओ.पी.टी. का.ज्ञा. सं. डीओपीटी-1667569393892 दिनांकित 06.09.2022 के अनुसार विचार किया जाएगा।

घ. आयु-सीमा में शिथिलता उन व्यक्तियों के लिए अनुमेय होगी, जिन्हें कम से कम 40% अशक्तता है। ऐसे उम्मीदवारों को आयु में शिथिलता का दावा करने केलिए भारत सरकार के सक्षम चिकित्सा प्राधिकारी द्वारा जारी किया गया प्रासंगिक अशक्तता प्रमाण-पत्र (अनुलग्नक-VIII) संलग्न करना आवश्यक है, ऐसा न करने पर किसी प्रकार की आयु शिथिलता पर विचार नहीं किया जाएगा।

ड. आई.सी.एम.आर. परियोजनाओं में लगातार काम करने वाले उम्मीदवार भी आयु में पांच वर्ष तक की शिथिलता के पात्र होंगे; बशर्ते उसने उस पद के लिए निर्धारित आयु-सीमा के भीतर परियोजना सेवा में प्रवेश कर लिया हो। उन्हें विहित प्रारूप (अनुलग्नक-XI) में प्रमाण-पत्र प्रस्तुत करना आवश्यक है।

च.

(i) केंद्र सरकार के तहत कम से कम तीन साल की निरंतर सेवा प्रदान करने वाले कर्मचारियों और विभागीय उम्मीदवारों को सीधी भर्ती द्वारा समूह 'सी' पदों पर नियुक्ति के लिए 40 वर्ष तक की आयु (अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति के लिए 45 वर्ष) में शिथिलता इस सामान्य शर्त के अधीन दी जाती है कि समूह 'सी' के जिन पदों पर सीधी भर्ती की जा रही है, वे एक ही पंक्ति या संबद्ध संवर्ग के हैं और यह संबंध स्थापित किया जा सकता है कि पद पर प्रदान की गई सेवा अन्य श्रेणियों के पदों में कर्तव्यों के कुशल निर्वहन के लिए उपयोगी होगी।

(ii) सीधी भर्ती द्वारा समूह 'बी' पदों पर नियुक्ति के लिए विभागीय उम्मीदवारों और केंद्र सरकार के कर्मचारियों को आयु में 5 वर्ष की छूट दी जाती हैं, जिसके लिए सामान्य शर्त है कि समूह 'बी' पद जिन पर सीधी भर्ती की जा रही है, वे एक ही पंक्ति में हों या संबद्ध कैडर के हों

और कि यह संबंध स्थापित किया जा सकता हो कि पद पर प्रदान की गई सेवा अन्य श्रेणियों के पदों में कर्तव्यों के कुशल निर्वहन के लिए उपयोगी होगी।

(iii) आयु में शिथिलता के लिए, उन्हें विहित प्रपत्र [अनुलग्नक-I (a)] में प्रमाण-पत्र प्रस्तुत करना आवश्यक है।

18. **यात्रा-भत्ता/दैनिक-भत्ता** :- सीबीटी/ लिखित परीक्षा में भाग लेने के लिए कोई यात्रा-भत्ता/दैनिक-भत्ता (टीए/डीए) का भुगतान नहीं किया जाएगा और उम्मीदवारों को अपनी व्यवस्था स्वयं करनी होगी।

19. **चयन प्रक्रिया :-**

(i) तकनीकी सहायक, तकनीशियन-। और प्रयोगशाला परिचारक-1 के पदों पर चयन केवल सीबीटी (कम्प्यूटर बेस्ड टेस्ट) के माध्यम से होगा।

(ii) अंतिम मेरिट-लिस्ट 100 अंकों में से तैयार की जाएगी (सीबीटी से 95 अंक + 5 अंक अनिवार्य योग्यताएं प्राप्त करने के बाद अनुभव से)

(iii) दो घंटे अवधि का सीबीटी (कम्प्यूटर बेस्ड टेस्ट) 95 अंकों के लिए संचालित होगा। प्रत्येक पद के लिए सीबीटी के प्रश्न-पत्र में 95 बहु-विकल्पी प्रश्नों पर आधारित प्रश्न होंगे, जिनमें से हर एक पर एक अंक होगा। प्रत्येक गलत उत्तर के लिए 0.25 निगेटिव मार्किंग होगी। विस्तृत विवरण के लिए कृपया पाठ्यक्रम देखें, अनुलग्नक- देखें 19(iv) XIII)

(iv) अनिवार्य योग्यताओं के बाद किसी सरकारी मान्यताप्राप्त अनुमोदित/पंजीकृत संस्था या संगठन में अनुसंधान/प्रयोगशाला/फील्ड अनुभव के लिए अधिकतम पांच (05) अंक, जो अनिवार्य योग्यताएं पूरी करने के बाद प्राप्त किया हो, जैसा विज्ञापन में विहित है, को नीचे दिए अनुसार उम्मीदवार द्वारा प्राप्त किए गए (95 में से) अंकों में जोड़ा जाएगा :

| संबंधित अनुभव | अंक |
|---|---|
| >1 and upto 2 years | 1 |
| >2 and < 4 years | 2 |
| >=4 and <6 | 3 |
| .=6 and <8 years | 4 |
| >=8 years | 5 |

(v) प्रमाण-पत्र के लिए प्रारूप **अनुलग्नक-XIV** में दिया गया है।

(vi) लिखित परीक्षा में अनारक्षित/अन्य पिछड़ा वर्ग उम्मीदवार के लिए अर्हताकारी अंक 50% और अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति/अशक्त(विकलांग) व्यक्ति के लिए 40% होंगे।

(vii) अनुभव के अंक (यदि आवश्यक है, जैसा ऊपर 19 में दिया है) सीबीटी में प्राप्त अंकों में जोड़ने के बाद, अंतिम मेरिट सूची (100 अंकों में से) तैयार की जाएगी।

(viii) लिखित परीक्षा के लिए पाठ्यक्रम और अंक-विधि (मार्किंग) **अनुलग्नक-XIII** में दी गई है।

20. निदेशक, आई-सी.एम.आर.- एन.आई.आर.टी.एच. के पास यह अधिकार सुरक्षित है कि :-

(i) आवेदन-पत्रों की स्क्रीनिंग के लिए मानदंड तय करें ताकि लिखित परीक्षा के लिए बुलाये जाने वाले उम्मीदवारों की संख्या सीमित हो सके। उम्मीदवार द्वारा केवल अनिवार्य योग्यता और अपेक्षित अनुभव पूरा करने मात्र से लिखित-परीक्षा के लिए बुलाए जाने का कोई अधिकार नहीं मिल जाता है।

(ii) किसी भी श्रेणी में और चयन प्रक्रिया के किसी भी चरण में रिक्तियों की संख्या बढ़ाएं/घटाएं/हटाएं।

(iii) विज्ञापित किए गए किसी भी पद/सभी पदों को बिना कोई कारण बताए भरें या न भरें।

(iv) भर्ती प्रक्रिया के किसी भी चरण में विज्ञापन में अनजाने में हुई किसी त्रुटि या चूक को आई.सी.एम.आर.-एन.आई.आर.टी.एच./आई.सी.एम.आर. मुख्यालय की वेबसाइट पर शुद्धि-पत्र में अधिसूचित करके उसमे सुधार करें।

(v) भर्ती प्रक्रिया बिना कोई कारण बताए निरस्त/समाप्त/निलंबित की जा सकती है और निदेशक, आईसीएमआर-एनआईआरटीएच का निर्णय अंतिम होगा और इस संबंध में किसी अपील पर विचार नहीं किया जाएगा।

21. आवेदनकर्ताओं को, उनके हित में सलाह दी जाती है कि भर्ती से संबंधित किसी भी जानकारी के लिए शुरुआत से लेकर भर्ती प्रक्रिया पूर्ण हो जाने तक आई.सी.एम.आर. और एन.आई.आर.टी.एच. की वेबसाइट्स, यानी क्रमश: www.icmr.nic.in and www.nirth.res.in को नियमित रूप से विजिट करें और यदि कोई उम्मीदवार वेबसाइट्स को विजिट न करने के कारण भर्ती संबंधी किसी महत्वपर्ण जानकारी से अवगत नहीं हो पाता है तो आई.सी.एम.आर./ एन.आई. आर.टी.एच. इसके लिए जिम्मेदार नहीं होगा।

22. विज्ञापन के हिंदी संस्करण में कोई विसंगति पाए जाने पर विज्ञापन के अंग्रेजी संस्करण में दी गई सामग्री ही मान्य होगी।

23. कोई प्रश्न होने पर कृपया nirthrecruitmentcell@gmail.com को ई-मेल करें।

## II. ऑनलाइन आवेदन प्रस्तुत करने हेतु नियम और शर्तें :-

| मदें/कार्यकलाप | नियत तारीख/अभ्युक्ति |
|---|---|
| आई.सी.एम.आर.-एन.आई.आर.टी.एच. की वेबसाइट www.nirth.res.in (भर्ती संबंधी लिंक होम-पेज पर) पर ऑनलाइन आवेदन को भरने के लिए ऑनलाइन पंजीकरण प्रारंभ होने की तारीख | 10.07.2023 |
| ऑनलाइन पंजीकरण करने एवं ऑनलाइन आवेदन प्रस्तुत करने की अंतिम तारीख | 10.08.2023 |

1. सभी आवेदनकर्ताओं को सलाह दी जाती है कि ऑनलाइन आवेदन प्रस्तुत करने के पूर्व यह सुनिश्चित कर लें कि पंजीकरण प्रपत्र और आवेदन प्रपत्र में कोई कॉलम खाली नहीं छूटा है और सभी कॉलम सही ढंग से भर दिए हैं, क्योंकि एक बार पंजीकरण/आवेदन प्रपत्र प्रस्तुत कर दिए जाने पर उम्मीदवार प्रविष्टियों को बदल नहीं सकेंगे और उनकी अभ्यर्थिता तदनुसार निर्णीत होगी। उम्मीदवार द्वारा गलत प्रविष्टियां किए जाने के कारण आवेदन पत्र निरस्त होने की स्थिति में, पुनर्विचार के लिए किसी प्रकार के पत्राचार/अनुरोध पर विचार नहीं किया जाएगा।
2. लघुसूचीकृत (शॉर्टलिस्टेड) उम्मीदवारों की अर्हता केवल उम्मीदवारों द्वारा ऑनलाइन आवेदन प्रपत्र में भरी गई जानकारी और उनके द्वारा उसमें अपलोड किए गए दस्तावेजों के संवीक्षा (स्क्रूटनी) के आधार पर निर्णीत की जाएगी। यदि कोई आवेदन अपेक्षित समर्थनकारी दस्तावेजों और अन्य प्रासंगिक जानकारी अपलोड किए बिना पाया जाता है, तो उसके लिए वह उम्मीदवार स्वयं जिम्मेदार होगा तथा उपयुक्त या सही दस्तावेज/जानकारी के अभाव के कारण उसकी अभ्यर्थिता निरस्त की जा सकेगी और इसके बारे में आगे किसी पत्राचार का जवाब नहीं दिया जाएगा। इसलिए, उम्मीदवारों को सलाह दी जाती है कि आवेदन प्रपत्र में अपने ब्यौरे देते समय आवश्यक सावधानी रखें, क्योंकि इसके संबंध में किसी पत्राचार/अभ्यावेदन का जवाब नहीं दिया जाएगा।
3. उम्मीदवार यह नोट करें कि भर्ती प्रकिया के दौरान ई-मेल आई.डी. और मोबाइल नंबर सक्रिय रखना है।
4. <u>ऑनलाइन पंजीकरण :-</u>

(i) ऑनलाइन पंजीकरण का चयन करन के बाद, एक के बाद एक मांगे गए अनिवार्य ब्यौरे सावधानीपूर्वक भरें, जैसे, विज्ञापन सं., विज्ञापन की तारीख, आवेदनकर्ता का नाम (मेट्रीकुलेशन प्रमाण-पत्र के अनुसार), जन्म-तारीख (मेट्रीकुलेशन प्रमाण-पत्र के अनुसार), मोबाइल नंबर एवं ई-मेल आई.डी., क्योंकि पंजीकरण प्रपत्र में भरा गया विवरण एक बार पंजीकरण होने के बाद बदलने की इजाजत नहीं दी जाएगी।

(ii) यह सुनिश्चित करना उम्मीदवार की जिम्मेदारी होगी कि पंजीकरण प्रपत्र में सही ब्यौरे भरे जाएं। किसी गलत जानकारी के लिए/पंजीकरण प्रपत्र में गलत प्रविष्टियां किए जाने के कारण अभ्यर्थिता निरस्त होने/सूचना के आदान-प्रदान न होने या उसकी कमी के लिए यह संस्थान जिम्मेदार नहीं होगा।

(iii) सफलतापूर्वक ऑनलाइन पंजीकरण होने की अभिस्वीकृति आवेदनकर्ता के पंजीकृत ई-मेल आई.डी. पर भेजी जाएगी।

(iv) किसी आवेदनकर्ता से किसी पद विशेष के लिए दोहरे आवेदन-पत्रों की स्थिति में नवीनतम आवेदन (दिनांक और समय के संदर्भ में) पर विचार किया जाएगा।

(v) ऑनलाइन <u>आवेदन-प्रपत्र भरना</u> :-

(i) पंजीकृत उपयोगकर्ता आवेदन-प्रपत्र प्राप्त करने के लिए यूजर आई.डी. और ई-मेल पर प्राप्त हुए पासवर्ड को देकर 'लॉगइन' पर क्लिक कर सकते हैं।

(ii) उम्मीदवार 'गो टू एप्लीकेशन फॉर्म' बटन पर क्लिक कर सकते हैं और आवेदन-प्रपत्र में दिए हुए सभी अनिवार्य ब्यौरों को सावधानीपूर्वक भरें। एक बार आवेदन-प्रपत्र भरना पूर्ण कर लेने पर वे 'सबमिट' बटन पर क्लिक कर सकते हैं, जो पेमेंट गेट-वे पुनर्निर्देशित (री-डायरेक्टेड) किया जाएगा। एक बार भुगतान हो जाने पर आपका आवेदन पूर्ण होना माना जाएगा। नोट किया जाए कि अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति, अशक्त(विकलांग), महिला और भूतपूर्व सैनिक श्रेणी से संबंधित उम्मीदवारों को आवेदन-शुल्क के भुगतान से छूट दी गई है।

(iii) उम्मीदवार अपनी शैक्षणिक योग्यता (10वीं कक्षा एवं उससे आगे), इन पाठ्यक्रमों में विस्तृत प्राप्तांकों के प्रमाण-पत्रों, जन्म-तारीख, श्रेणी प्रमाण-पत्र, अर्थात अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति/अन्यपिछड़ा वर्ग/पीडब्ल्यूडी/अनुभव, अपने वर्तमान नियोक्ता का 'अनापत्ति प्रमाण-पत्र' (यदि नियोजित हैं) आदि के समर्थन में मूल दस्तावेजों की पठनीय स्केन की हुई/स्व-प्रमाणित/अभिप्रमाणित प्रतियां अपलोड करें। यदि कोई उम्मीदवार ऊपर दिए गए अपेक्षित दस्तावेजों की स्व-प्रमाणित प्रतियां अपलोड करने में असफल रहता है, तो उसकी अभ्यर्थिता निरस्त कर दी जाएगी और उसे बाद के चयन संबंधी चरणों/प्रवेश प्रक्रिया भाग लेने की अनुमति नहीं दी जाएगी। सभी आवेदकों को सुनिश्चित करना है कि फोटो एवं हस्ताक्षर अपलोड करें। इन दोनों में से किसी एक के भी अपलोड न होने के परिणामत: आवेदन रद्द कर दिए जाएंगे।

(iv) उम्मीदवारों को अपने विधिवत भरे हुए आवेदन-प्रपत्रों के साथ निम्नलिखित दस्तावेजों की स्व-प्रमाणित प्रतियां संलग्न करनी आवश्यक हैं :-

(v) नवीनतम स्पष्ट रूप से दिखाई देने वाला पासपोर्ट आकार का फोटोग्राफ

(vi) उम्मीदवार के स्पष्ट रूप से दिखाई देने वाले हस्ताक्षर की स्केन की हुई कॉपी

(vii) जन्म-तिथि का प्रमाण

(viii) दसवीं कक्षा और उससे आगे की शैक्षिक योग्यताओं का प्रमाण

(ix) कार्य-अनुभव का प्रमाण

(x) सरकारी क्षेत्र में कार्य करने वाले उम्मीदवारों के लिए आयु में छूट के लिए निर्धारित प्रारूप में अनुभव का प्रमाण। सीधी भर्ती द्वारा भरे जाने वाले पदों के लिए आयु में छूट प्राप्त करने के लिए सशस्त्र सेनाओं के सेवारत/सेवानिवृत्त/ रिलीज्ड कर्मियों द्वारा प्रमाण-पत्र अपलोड किया जाए।

(xi) ईडब्ल्यूएस उम्मीदवारों के लिए निर्धारित प्रारूप में आय और संपत्ति प्रमाण-पत्र (अनुलग्नक-II)

(xii) श्रेणी अर्थात् एस सी /एस टी/ओ बी सी/ पी डब्ल्यू डी/ई एस एम आदि का प्रमाण

क) अनापत्ति प्रमाण-पत्र (जहां भी लागू हो)

ख) अन्य पिछड़ा वर्ग (ओ बी सी) द्वारा प्रस्तुत की जाने वाली घोषणा

ग) आई.सी.एम.आर. परियोजनाओं में लगातार काम करने वाले उम्मीदवारों के लिए निर्धारित प्रारूप (अनुलग्नक-III) में अनुभव का विवरण

घ) आई.सी.एम.आर. वित्तपोषित परियोजनाओं में परियोजना सेवा के संबंध में नियुक्ति-पत्र और कार्यभार ग्रहण करने के आदेश

ङ) आयु में छूट का दावा करने लिए अशक्तता/विकलांगता प्रमाण-पत्र

च) किसी अन्य संलग्नक का प्रमाण

**निदेशक**

आई.सी.एम.आर.-एन.आई.आर.टी.एच., जबलपुर